COA - 03

December - Examination 2015

COA Examination

प्रसूति विज्ञान (सैद्धान्तिक) (सामुदायिक स्वास्थ्य)

Paper - COA - 03

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 50**

नोट : यह प्रश्नपत्र 3 खण्ड 'अ', 'ब' एवं 'स' में विभक्त है। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

Section - A 10 x 1 = 10

(खण्ड – अ)

(अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है तथा प्रत्येक प्रश्न की अधिकतम शब्द सीमा 30 है ।

1) (i) प्रसव के पश्चात् होने वाले संक्रमण को क्या कहते हैं ?

(ii) गर्भावस्था में टेटनस टॉक्साइड के कितने टीके लगाए जाते हैं ?

(iii) ई.डी.डी. (EDD) का पूरा नाम लिखिए।

(iv) शिशु को प्रथम छह माह तक किसका दूध पिलाना चाहिए ?

(v) संकीर्ण श्रोणि में प्रसूति कराने की उपयुक्त विधि का नाम लिखिए।

(vi) मान्यताप्राप्त चिकित्सालय अथवा संस्थान में होने वाले प्रसव को क्या कहते हैं ?

(vii) गर्भावस्था की सामान्य अवधि कितने माह की होती है ?

(viii) एनीमिआ से बचाव हेतु माता को कौनसा खनिज पदार्थ देना चाहिए?

(ix) शिशु के जन्म का पंजीकरण कितने दिनों में कराना जरूरी है ?

(x) पहली बार प्रसव अवस्था से गुजर रही महिला को क्या कहते हैं ?

(खण्ड – ब)

4 x 5 = 20

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है तथा उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 200 है।

2) गर्भ ठहरने के निश्चयात्मक चिन्ह क्या हैं ?

3) गर्भावस्था की प्रथम तिमाही में उल्टियां या वमन की समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है ?

4) गर्भ का उदरीय परीक्षण क्यों एवं किस प्रकार किया जाता है ?

5) महिला की शर्करा जांच हेतु मूत्र परीक्षण की विधि लिखिए।

6) 'ब्रीच प्रेजेन्टेशन' से आप क्या समझती हैं ?

7) गर्भावस्था में व्यक्तिगत स्वच्छता हेतु आप महिला को क्या सलाह प्रदान करेगी ?

8) के.एम.सी. का महत्व समझाइये।

9) गर्भपात के विभिन्न प्रकारों का नाम लिखिए।

(खण्ड – स) 2 x 10 = 20

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 500 है।

10) एन्टिनेटल केअर क्या है ? एन्टिनेटल क्लिनिक के कार्य बताइये।

11) सामान्य प्रसव हेतु आप लेबर रूम को किस प्रकार तैयार करेंगी ? आवश्यक उपकरणों के नाम भी लिखिए।

12) प्रसव के बाद पेरिनीअल स्वच्छता का महत्व एवं विधि का वर्णन कीजिए।

13) गर्भावस्था एवं प्रसवोपरान्त महिला की देखभाल में प्रसूति विज्ञान सहायिका के कार्य एवं भूमिकाओं को वर्णित कीजिए।